# यूटीयू में रिजल्ट से पहले मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं दिखाने की सुविधा

**उत्तर उजाला ब्यूरो**

**देहरादून।** वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 की सम-सेमेस्टर परीक्षाएं 9 जून से 30 जून के मध्य सफलतापूर्वक संचालित करवायी गयी। विगत की भांति इस बार भी परीक्षाओं में मूल्यांकन को पारदर्शी व जवाबदेही बनाने के दृष्टिगत मूल्यांकन उपरान्त अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित करने से पहले छात्र-छात्राओं को उनके अवलोकन हेतु मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं दिखाए जाने की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित है ।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो, ओंकार सिंह ने कहा कि शुरूआत में बी. टैक, एमबीए, एमसीए, बीए एलएलबी, बीबीए एलएलबी, एलएलबी, बी.आर्क. तथा बी.फार्म. पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य कराया जा रहा है और जैसे-जैसे मूल्यांकन होता जा रहा है 9 जुलाई से संबंधित छात्रों को उनकी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं दिखाये जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। और बीएचएमसीटी (द्वितीय वर्ष, अंतिम वर्ष) एवं एमबीए (इंटीग्रेटेड) पाठ्यक्रम का अंतिम परीक्षा परिणाम दिनांक 27 जून 2025 को घोषित किया जा चुका है।

छात्र-छात्राओं को अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका का अवलोकन करने से पहले संबंधित विषयों को अध्यापित कराने वाले शिक्षकों के फीडबैक फार्म को भी भरना होगा उसके बाद वह अपनी उत्तर पुस्तिका का अवलोकन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाईन मूल्यांकन के चलते तकनीकी रूप से परीक्षा समाप्ति के 9 दिनों के भीतर विश्वविद्यालय द्वारा मूल्यांकन कार्य प्रगति पर होते हुए भी चरणबद्ध रूप में सम्पादित करवा कर परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है ।उन्होंने कहा कि विगत दो सत्रों से सतत रूप से विश्वविद्यालय में प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण करने से परीक्षा कार्यों में पारदर्शिता आने से छात्रों में मूल्यांकन प्रणाली के प्रति विश्वास पैदा हुआ है और अंततः शिक्षण की गुणवत्ता संवर्धन होना निश्चित है। विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षकों के फीडबैक को सभी संस्थाओं से साझा करने से भी शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं।